प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना दम

विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विद्यार्थियों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले दिन 800 मीटर दौड़, शॉटपुट, लंबी कूद व 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया। पुरूष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में पंत भवन के कनिष्क वर्मा ने पहला, विश्वसरैया भवन के रजत सैनी ने दूसरा व टेगौर भवन के विवेक शर्मा ने तीसरा, पुरूष वर्ग के शॉटपुट में आयुष पुरोहित ने 9.52 मीटर गोला फेंक कर पहला, आयुष्मान सिंह नेगी ने 9.26 मीटर के साथ दूसरा तथा यश छाबड़ा ने 8.93 मीटर गोला फेंक कर तीसरा स्थान, महिला वर्ग के शॉटपुट में अनुप्रिया आर्य ने 6.89 मीटर के साथ पहला, पूजा सक्सेना ने 6.35 मीटर के साथ दूसरा तथा श्रेया चंद ने 6.31 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पुरूष वर्ग की लॉगजंप में पटेल भवन के विशाल तोमर ने पहला व विशाल राज ने दूसरा तथा शास्त्री भवन के तन्मय कुमार साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 4 गुणा 400 मीटर रिले के महिला वर्ग में मंदाकिनी भवन को पहला, गांधी भवन को दूसरा तथा सरोजिनी भवन को तीसरा स्थान, पुरूष वर्ग में पटेल भवन को पहला, सिल्वर जुबली को दूसरा तथा सीबी–1 को तीसरा स्थान हासिल हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. ओमप्रकाश, स्टाफ काउंसलर डा. एन.के. सिंह, डा. भाष्कर तिवारी, डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. श्वेता राय आदि ने सम्मानित किया।

विजेताओं को सम्मानित करते अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना एवं अन्य।

निदेशक संचार